भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न 2878

10 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: रबर चेन हार्वेस्टर

2878. श्री सुधाकर सिंहः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि बिहार के बक्सर, कैमूर और रोहतास सहित कई जिलों में धान की कटाई के दौरान जलभराव और उच्च आर्द्रता के कारण टायर-माउंटेड हार्वेस्टर प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसल कटाई में विलंब हो रहा है, गेहूं की बुवाई में विलंब हो रहा है और हीट टर्मिनेशन की समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, जिससे उत्पादन और किसानों की आय प्रभावित हो रही है;

(ख) क्या गीले और कीचड़ भरे खेतों में रबर-चेन हार्वेस्टर अधिक उपयोगी हैं और समय पर कटाई सुनिश्चित कर सकते हैं;

(ग) क्या सरकार का रबर-चेन हार्वेस्टर पर राजसहायता बढ़ाकर 710 लाख या उससे अधिक करने का विचार है; और

(घ) यदि हाँ, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)

(क) से (घ): बक्सर, कैमूर, रोहतास बेल्ट बिहार का एक प्रमुख धान उगाने वाला क्षेत्र है। कृषि निदेशालय, बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, इन क्षेत्रों में नहर के पानी की पहुंच है और इसलिए धान की फसल के तहत बड़े क्षेत्र में जलभराव रहता है जिससे कटाई प्रभावित होती है, जिससे गेहूं की बुवाई में देरी होती है और हीट टर्मिनेशन की समस्या होती है।

ट्रैक-टाइप (रबड़-चेन) कंबाइन हार्वेस्टर जलभराव वाले खेतों में बेहतर काम करते हैं। कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) परियोजनाओं के अंतर्गत ट्रैक टाइप (रबड़-चेन) कंबाइन हार्वेस्टरों पर भी कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन (एसएमएएम) के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सीएचसी की स्थापना के लिए ग्रामीण उद्यमियों (ग्रामीण युवा और एक उद्यमी के रूप में किसान), डे-एनआरएलएम स्वयं-सहायता समूहों (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), पंचायतों, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों/किसानों की सहकारी समितियों (कृषि/बागवानी/मखाना आदि) को वित्तीय सहायता निम्नानुसार प्रदान की जाती है:

कंबाइन हार्वेस्टर का प्रकार	सहायता का पैटर्न	प्रति मशीन अधिकतम अनुमेय सब्सिडी (लाख रुपये में)
कंबाइन हार्वेस्टर (ट्रैक टाइप) - <6 फीट कटर बार चौड़ाई	40%	6.72
कंबाइन हार्वेस्टर (ट्रैक टाइप) - >6 फीट कटर बार चौड़ाई)	40%	10.00

*****